# 28 को बोत्सवाना से आएंगे 8 चीते

- दो केंद्रीयमंत्रियों से मिलने के बाद सीएम डॉ. यादव ने कहा
- असम का जंगली भैंसा लाने के लिए भी की मंत्री से चर्चा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 4 फरवरी. मप्र में इसी माह 28 फरवरी को बोत्सवाना से 8 और चीते आएंगे. इससे प्रदेश में चीतों का कुनबा और बढ़ जाएगा. चीते लाने के लिये सभी औपचारिकताएं लगभग पूरी कर ली गई है. मप्र में लाने के बाद उन्हें शुरुआत में कूनो में ही निगरानी में रखा जाएगा.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी इस संबंध में तस्वीर साफ कर दी है. नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव से मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि 28 फरवरी को बोत्सवाना से 8 चीते मप्र लाए जाएंगे. चीतों के पुनर्स्थापन के लिए केंद्रीय मंत्री यादव से आवश्यक सहयोग और व्यवस्थाओं पर भी विस्तृत रूप से बात की है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मप्र में पर्यटन क्षेत्र के विकास, रिजर्व फॉरेस्ट के विस्तार और वन्य जीव संरक्षण की असीम संभावनाएं हैं. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य सरकार वन्य जीवों के संरक्षण की दिशा में अभूतपूर्व कदम उठा रही है. श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में चीतों की बसाहट के बाद अब



असम का जंगली भैंसा भी मप्र के जंगलों में स्वच्छंद विचरण करता दिखाई देगा.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने असम से जंगली भैंसा मप्र लाने की सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी करने के साथ ही विभिन्न विषयों पर भी केंद्रीय मंत्री से चर्चा की. उन्होंने वन्य जीव संरक्षण और जैव-विविधता संवर्धन के लिए केंद्र सरकार के सहयोग के लिये आभार माना केंद्रीय मंत्री यादव ने प्रदेश के प्रयासों की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया.

### मुख्यमंत्री ने केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी से की मुलाकात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों के हित में मप्र सरकार किसान कल्याण वर्ष मना रही है. इस वर्ष में हमारी सरकार किसानों को उनकी उपज का समुचित मूल्य दिलाने के लिए संकल्पित है. मप्र में गेहूं का उपार्जन एवं भंडारण की प्रक्रिया प्रारंभ होने जा रही है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी से भी भेंट की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय मंत्री जोशी से मप्र में मनाए जा रहे किसान कल्याण वर्ष और गेहूं उपार्जन एवं भंडारण व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र में गेहूं का उपार्जन सरलता से पर्याप्त भंडारण व्यवस्था के साथ होता है. केंद्रीय मंत्री जोशी ने मप्र को गेहूं उपार्जन में हरसंभव आवश्यक सहयोग देने का आश्वासन दिया.



**बीएल संतोष ने सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख शर्मा की माता के बेहतर स्वास्थ्य की कामना की**

**भोपाल, 4 फरवरी.** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष ने बुधवार को भोपाल के निजी अस्पताल पहुँचकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख हितानंद शर्मा की माता के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की.


# उपकार नहीं, सेवा करना हमारा धर्म : भागवत

## कसरावद में विचार प्रेरण में संघ के सरसंघचालक का उद्बोधन

**इंदौर, 4 फरवरी. सभी परमेश्वर के स्वरूप है, अत: उपकार नहीं, सेवा करना हमारा धर्म है. हमारे यहाँ चैरिटी नहीं, अपितु सेवा है. जीवन में सेवा के जो भी अवसर मिलें, सेवा करना चाहिये. सेवा से हमारी शुद्धि होती हैं. जिसके पास जो हो, वो देना चाहिये.**

उक्त विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कसरावद के लेपा स्थित श्री रामकृष्ण विश्व सद्भावना निकेतन में आयोजित विचार प्रेरक-कार्यक्रम में व्यक्त किये. निमाड़ अभ्युदय रूरल मैनेजमेंट एंड डेवलपमेंट एसोसिएशन एवं श्री रामकृष्ण विश्व सद्भावना निकेतन द्वारा आयोजित विचार-प्रेरक में डॉ. का 'मनुष्य निर्माण से राष्ट्र निर्माण' विषय पर उद्बोधन हुआ. कार्यक्रम में गोष्ट-नर्मदालयाची आडियोबुक का विमोचन भी हुआ. सरसंघचालक ने कहा कि भारत की यात्रा में यह सत्य सिद्ध हुआ कि सुख बाहर नहीं, अपितु मनुष्य के अंदर ही है.

भारत में मनुष्य के अंदर की खोज की यात्रा प्रारंभ हुई. मनुष्य के अंदर की यात्रा से हमें शाश्वत सुख प्राप्त होता है. हमारे पूर्वजों ने अनुभव के आधार पर बताया कि माया का आधार अध्यात्म ही होना चाहिये. ईश्वर ने मनुष्य को संवेदना दी है. मनुष्य की संवेदना दूसरे के सुख-दु:ख को जानती है. किसी की उपेक्षा करके सुख भोगना, मनुष्य की संवेदना में नहीं है.



**अंदर का ज्ञान बाहर निकलना होगा**

भारतीय संदर्भों में शिक्षा के बारे में आपने कहा कि जन्मांतर का ज्ञान मनुष्य के मस्तिष्क में है, इसीलिए जो ज्ञान अंदर है, उसे बाहर निकालना चाहिये. टंट्या मामा और गाडगे महाराज जैसे महापुरुषों में कोई औपचारिक शिक्षा ली थी, किंतु आज भी उनका सम्मान है. हमारे अंदर दैवीय गुण निहित है, उन्हें बाहर निकालना होगा उसका ज्ञान प्राप्त करना होगा.

# प्रदेश में शुष्क मौसम



**20** जिलों में घना कोहरा छाया | **05** से मावठे की संभावना

## मध्यप्रदेश में मौसम का मिजाज बदलता रहा

**भोपाल, 4 फरवरी. मध्य प्रदेश में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है. पिछले चार दिनों से सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती सिस्टम के असर से जहां बारिश और ओलों ने कहर बरपाया, वहीं अब प्रदेश के बड़े हिस्से घने कोहरे की गिरफ्त में आ गए हैं.**

बुधवार सुबह ग्वालियर-चंबल अंचल समेत करीब 20 जिलों में हल्के से मध्यम, तो कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता प्रभावित हुई.

लेकिन मौसम विभाग ने राहत ज्यादा दिन की नहीं मानी है. विभाग ने संकेत दिए हैं कि 5 फरवरी से एक और नया पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) सक्रिय होगा, जिससे 10 फरवरी तक फिर मावठा गिरने की संभावना बन सकती है.

पिछले 24 घंटों के दौरान भोपाल, ग्वालियर, चंबल, रीवा और शहडोल संभागों के जिलों में कहीं-कहीं तथा सागर संभाग के कुछ जिलों में वर्षा दर्ज की गई, जबकि शेष सभी संभागों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा. अधिकतम तापमानों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ. सागर संभाग के जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से 3.0 डिग्री सेल्सियस तक कम रहा, ग्वालियर-चंबल संभागों में 2.6 डिग्री तक कम रहा, जबकि नर्मदापुरम संभाग में यह सामान्य से 2.6 डिग्री अधिक रहा. न्यूनतम तापमानों में भी विशेष परिवर्तन नहीं देखा गया. भोपाल, रीवा, जबलपुर और सागर संभागों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.1 से 3.0 डिग्री अधिक रहा.

# दलहन पर राष्ट्रीय सम्मेलन 7 को

**भोपाल.** प्रदेश के अमलाहा, जिला सीहोर में 7 फरवरी को दलहन उत्पादन एवं उत्पादकता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श के लिये एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा . सम्मेलन में दलहन क्षेत्र की मूल संवेदनाओं, वर्तमान चुनौतियों तथा भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी. कार्यक्रम में देश के प्रमुख दलहन उत्पादक राज्यों के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारीगण, दलहन अनुसंधान से जुड़े वैज्ञानिक, सरकारी बीज उत्पादक संस्थाएं दाल उद्योग से संबंधित प्रतिनिधि एवं अन्य सहयोगी एजेंसियां भाग लेंगी.

# झूठ-फरेब की राजनीति को बढ़ा रहे जीतू पटवारी

## मीडिया से चर्चा में विश्वास सारंग ने कहा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 4 फरवरी. प्रदेश के सहकारिता एवं खेल मंत्री विश्वास सारंग ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर उनके बयान को लेकर पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि जीतू पटवारी द्वारा झूठ और फरेब की राजनीति को आगे बढ़ाया जा रहा है, यह कांग्रेस की पुरानी कार्यशैली रही है.**

कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से लेकर प्रदेश स्तर तक के नेता बिना तथ्यों के बयान देकर जनता को गुमराह कर रहे हैं. कल संसद में राहुल गांधी ने बिना तथ्यों के बयान देकर जनता को भ्रमित करने का काम किया, उसी परंपरा को आज जीतू पटवारी ने आगे बढ़ाया है. कांग्रेस नेता फोटो



ऑपर्च्युनिटी और मीडिया अपीयरेंस के माध्यम से असत्य बातें परोसकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं.

यह बात उन्होंने भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं की शिकायतें और समस्याएं सुनने के बाद पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही. सारंग ने कहा कि अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील को लेकर पूरी दुनिया में भारत की सराहना हो रही है और यह ट्रेड डील प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का परिणाम है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर सिद्ध किया है कि उनके लिए देश और देश की जनता का हित सर्वोपरि है. कांग्रेस नेता बिना जानकारी और तथ्यों के अर्थव्यवस्था और ट्रेड डील जैसे विषयों पर गैर-जिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं. पटवारी ने मध्य प्रदेश के कर्ज को लेकर भी तथ्यहीन और भ्रामक बातें की है. मध्यप्रदेश सरकार पूर्ण आर्थिक अनुशासन का पालन करते हुए कार्य कर रही है. फेडरल सिस्टम के तहत राज्यों को अपनी जीएसडीपी के 3 प्रतिशत तक कर्ज लेने की अनुमति है, जिसका मध्य प्रदेश सरकार अक्षरश: पालन कर रही है.

# ट्रैक्टर गड्ढे में गिरने से एक की मौत

**मैहर, 04 फरवरी.** मध्यप्रदेश के मैहर जिले में एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई. पुलिस सूत्रों ने बताया कि रामनगर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित हो कर ट्राली के साथ गहरे गड्ढे मे जा गिरा. हादसे मे एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि ट्रैक्टर चालक और एक अन्य व्यक्ति घायल है. पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक की पहचान राम सुजान साकेत के रूप में हुई है. घायलों को निकट के अस्पताल में दाखिल कराया गया है.

# स्वास्थ्य विभाग ने अभिलेख किए तलब

## फर्जी एवं कूटरचित भौतिक निरीक्षण रिपोर्ट तैयार कर प्रशासन को गुमराह किया

- अनियमितताओं को लेकर प्रशासनिक कार्रवाई सामने आई
- दस्तावेज 24 घंटे के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 4 फरवरी. स्वास्थ्य विभाग में कथित अनियमितताओं को लेकर एक अहम प्रशासनिक कार्रवाई सामने आई है.**

स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्रीय संचालक ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ), भोपाल को एन.आर.आई. इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, भोपाल तथा उससे संबद्ध पेरेन्टल अरनव अस्पताल के पंजीयन से संबंधित सभी दस्तावेज 24 घंटे के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं.

यह कार्रवाई एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार द्वारा की गई शिकायत के बाद की गई है. परमार ने आरोप लगाया है कि सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों ने फर्जी एवं कूटरचित भौतिक निरीक्षण रिपोर्ट तैयार कर शासन-प्रशासन को गुमराह किया, जिसके आधार पर संबंधित संस्थानों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया.

प्रारंभिक जांच में डॉ. रितेश रावत और डॉ. अभिषेक सेन की भूमिका संदिग्ध पाई गई है. दोनों अधिकारियों के खिलाफ विभागीय और कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है. एनएसयूआई ने जांच पूरी होने के बाद निलंबन और एफआईआर दर्ज करने की मांग की है.

क्षेत्रीय संचालक ने स्पष्ट किया है कि पंजीयन, मान्यता, निरीक्षण और भौतिक सत्यापन से जुड़े सभी अभिलेख तय समय-सीमा में उपलब्ध कराए जाएं, ताकि निष्पक्ष और पारदर्शी जांच सुनिश्चित की जाएं.

# एमपी पुलिस ने बड़ी लूट की घटनाओं का किया खुलासा

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 4 फरवरी. अपराध नियंत्रण और नागरिक सुरक्षा के प्रति अपनी सतत प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए मध्यप्रदेश पुलिस ने राज्य के अलग-अलग जिलों में हुई लूट की तीन गंभीर घटनाओं का त्वरित खुलासा किया है. सभी मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ लूटी गई संपत्ति की बड़ी मात्रा बरामद की गई है.**

नरसिंहपुर में 3 फरवरी की तड़के होटल कुमुम वैली में हुई करीब एक करोड़ रुपये की सनसनीखेज लूट का पुलिस ने कुछ ही घंटों में खुलासा कर दिया. तीन-चार नकाबपोश बदमाश होटल में घुसकर बड़ी नकदी लेकर फरार हो गए थे.

जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज, भौतिक और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर होटल मैनेजर की भूमिका संदिग्ध पाई गई. पूछताछ में उसने नकदी की पूर्व जानकारी होने और साथियों के साथ साजिश रचने की बात स्वीकार की. इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर 60 लाख रुपये नकद बरामद किए गए.

# भोपाल मंडल को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार

## रेल सप्ताह 2025 : 5 दक्षता शील्ड प्रदान की

**भोपाल,04 फरवरी. पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा 70वें रेल सप्ताह समारोह के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार, रेल सेवा पुरस्कार एवं दक्षता शील्ड प्रदान करने का कार्यक्रम जबलपुर के उत्सव सामुदायिक भवन, मदनमहल में आयोजित किया गया. समारोह में पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने चयनित अधिकारियों-कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान किए.**

भोपाल मंडल की ओर से यह सम्मान मंडल रेल प्रबंधक पंकज




त्यागी ने मंडल टीम के साथ प्राप्त किया.

समारोह में भोपाल मंडल के 03 गजटेड अधिकारियों को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने विभागों में उत्कृष्ट प्रशासनिक दक्षता, तकनीकी कुशलता और सुरक्षित रेल संचालन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया. इसी प्रकार अराजपत्रित श्रेणी में 11 कर्मचारियों को उनके कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

वर्ष 2024-25 के लिए भोपाल मंडल को विभिन्न कार्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कुल 05 दक्षता शील्ड प्रदान की गईं. ये शील्ड सिग्नल एवं दूर संचार, इंटर डिविजनल टिकट चेकिंग, स्क्रैप मैनेजमेंट, जन संपर्क और निर्माण दक्षता के क्षेत्र में मंडल की सराहनीय उपलब्धियों को दर्शाती हैं. रेल प्रशासन ने बताया कि मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारी यात्री सुविधाओं में सुधार, सुरक्षित रेल संचालन और जनोन्मुखी सेवाओं को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं.

# राजा रघुवंशी हत्याकांड में पुलिस की थ्योरी ढही

- कोर्ट ने दो आरोपियों को किया केस से बाहर

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर, 4 फरवरी. ट्रांसपोर्ट कारोबारी की सनसनीखेज हत्या से जुड़े मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए दो आरोपियों को सबूतों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया. हत्या के बाद साक्ष्य छिपाने के आरोप में पकड़े गए गार्ड और बिल्डिंग मालिक के खिलाफ कोई ठोस कड़ी साबित नहीं हो सकी, जिसके चलते उन्हें केस से अलग कर दिया.**

दोषमुक्त किए गए आरोपियों में सुरक्षा गार्ड बलवीर सिंह अहिरवार और लसूड़िया क्षेत्र की बिल्डिंग के मालिक लोकेंद्र सिंह तोमर शामिल हैं.

शिलांग पुलिस ने शुरुआती जांच में दोनों को इस आशंका पर गिरफ्तार किया था कि हत्या के




बाद सबूत मिटाने में उनकी भूमिका रही है. हालांकि विस्तृत विवेचना, दस्तावेजी साक्ष्य और गवाहों के बयानों में ऐसा कोई प्रमाण सामने नहीं आया, जिससे उनकी सीधी संलिप्तता साबित हो सके.

जांच में यह तथ्य सामने आया था कि हत्या के बाद सोनम और विशाल चौहान कुछ समय के लिए इंदौर के लसूड़िया इलाके की जिस बिल्डिंग में रुके थे, वह ब्रोकर के जरिए ली गई थी और कमरे का एग्रीमेंट विशाल चौहान के नाम पर किया था. इसी कड़ी को आधार बनाकर गार्ड और बिल्डिंग मालिक पर शक जताया गया था.

### साजिश से जुड़ा कोई ठोस प्रमाण नहीं मिला

ईस्ट खासी हिल्स जिले के एसपी विवेक स्यियम के मुताबिक, परिस्थितिजन्य संदेह के आधार पर की गई शुरुआती कार्रवाई के बाद जब पूरे साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया, तो इन दोनों के खिलाफ हत्या या साजिश से जुड़ा कोई ठोस प्रमाण नहीं मिला. इसी कारण नई चार्जशीट में उनके नाम शामिल नहीं किए गए और कोर्ट ने उन्हें दोषमुक्त कर दिया. अदालत के इस फैसले के बाद साफ हो गया है कि हत्याकांड में अब जांच का फोकस केवल उन्हीं आरोपियों पर है जिनके खिलाफ मजबूत सबूत मौजूद हैं, जबकि संदेह के आधार पर की गई गिरफ्तारियां कानूनी कसौटी पर टिक नहीं पाईं.

**प्रेस वार्ता** | प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि आज सबसे अधिक पीड़ित किसान और युवा

# कृषि व्यापार समझौते को लेकर पटवारी का भाजपा पर तीखा हमला

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 4 फरवरी. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बुधवार को केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों पर किसानों, युवाओं और आम जनता की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए तीखा हमला बोला. प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज सबसे अधिक पीड़ित किसान और युवा हैं, जिन्हें भाजपा की नीतियों ने पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया है.**

पटवारी ने अमेरिका के कृषि मंत्री के हालिया बयान का हवाला देते हुए भारत-अमेरिका कृषि व्यापार समझौते पर गंभीर चिंता जताई. उन्होंने कहा कि इस प्रस्तावित समझौते के तहत अमेरिका से आयात होने वाले कृषि उत्पादों पर भारत में शून्य शुल्क लगेगा, जबकि भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले कृषि उत्पादों पर 18 प्रतिशत तक टैक्स लगाया जाएगा.

उन्होंने इस मुद्दे पर भारत के कृषि मंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए पूछा कि सरकार आखिर किस दबाव में काम कर रही है. उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पहले ही चेतावनी दे चुके थे कि यह व्यापार समझौता भारत के हितों के खिलाफ होगा, जो अब सही साबित हो रहा है. पटवारी ने कहा कि किसानों को न तो उनकी फसलों का उचित मूल्य मिल रहा है और न ही एमएसपी पर सुनिश्चित खरीदी हो रही है, जिससे कृषि गहरे संकट में है.

प्रदेश की वित्तीय स्थिति पर उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने अभूतपूर्व कर्ज लिया है और मध्यप्रदेश पर प्रतिदिन लगभग 213 करोड़ रुपये का कर्ज बढ़ रहा है. उन्होंने सरकार पर कर्ज चुकाने के लिए प्रदेश की संपत्तियां बेचने का आरोप लगाते हुए इसे आर्थिक कुप्रबंधन का प्रतीक बताया.

पटवारी ने कई विभागों में वेतन भुगतान में देरी, अतिथि शिक्षकों के लंबित भुगतान और ओबीसी आरक्षण को रोकने के लिए सरकारी धन के दुरुपयोग का भी मुद्दा उठाया.

## कांग्रेस जिला इकाइयों का पुनर्गठन करेगी

कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता स्वदेश शर्मा ने बुधवार को कहा कि मध्यप्रदेश में प्रदेश कांग्रेस कमेटी जल्द ही जिला स्तर पर संगठन का पुनर्गठन करेगी. यह प्रक्रिया प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की मंशा और ऑल इंडिया



कांग्रेस कमेटी के तय दिशा-निर्देशों के अनुरूप होगी. मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए शर्मा ने बताया कि प्रत्येक जिले में वहां की जनसंख्या के अनुपात में जिला कांग्रेस कमेटियों का गठन किया जाएगा. उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया छिंदवाड़ा, सागर और मऊगंज जैसे जिलों में अपनाए गए मॉडल के आधार पर की जाएगी. उन्होंने स्पष्ट किया कि यह संगठनात्मक कवायद केवल जिला स्तर तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि ब्लॉक, पंचायत और वार्ड स्तर तक कमेटियों का गठन कर प्रदेशभर में कांग्रेस की जमीनी पकड़ को मजबूत किया जाएगा. शर्मा ने कहा कि कांग्रेस 2028 के विधानसभा चुनावों में भाजपा को प्रभावी चुनौती देने के लिए मजबूत संगठनात्मक ढांचा तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है.